Adda247

GET IT ON Google Play

# UP SI Online Exam 20 Dec 2nd Shift

## भाग 1 सामान्य हिन्दी

1. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।
जब कंधे पर .........का भार पड़ेगा, तब ......... का भाव मालूम हो जाएगा
(a) गृहस्थी, आटे-दाल (b) बीबी, घर
(c) दोस्ती, रुपयों (d) मजबूरी, गली-कुंचो

2. ''परीक्षा में कठिन प्रश्नों को देखकर मेरी अकल चकराने लगी''।
वाक्य में आए मुहावरे का अर्थ कौन-सा विकल्प दर्शाता है?
(a) कुछ समझ में न आना (b) अनदेखा करना
(c) शर्मिन्दा होना (d) गुस्से से भर जाना

3. 'सुधि' शब्द के अंत में क्या जोड़ने पर शब्द बहुवचन बन जाएगा।
(a) जन (b) वृंद (c) वर्ग (d) गण

4. ''काली घटा का घमण्ड घटा''। पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।
(a) यमक (b) मानवीय (c) अनुप्रास (d) रूपक

5. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य का चयन करें।
(a) तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।
(b) तलवार एक उपयोगी फौलाद है।
(c) तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।
(d) तलवार एक उपयोगी शास्त्र है।

6. निम्न में से उचित शब्द का चयन करें।
(a) उद्योगिक (b) ओद्योगिक (c) औद्योगिक (d) औद्यौगिक

7. ''सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।'' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेषण है?
(a) सालों (b) लौटा (c) प्रवासी (d) पति

8. काजल की रेख-सी कतार है खूजर की इस पंक्ति में अर्थालंकार का कौन-सा भेद झलकता है?
(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा (c) उपमा (d) मानवीय

9. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रत्यक्ष शब्द का समानार्थी शब्द है?
(a) नक्षत्र (b) साक्षात
(c) भावस्मरणीय (d) अविस्मरणीय

10. निम्न में से किस विकल्प में त्रुटि नहीं है?
(a) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए
(b) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिया
(c) मैंने उस कागज में हस्ताक्षर कर दिए
(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिया उस कागज पर

11. इनमें से कौन-सा शब्द अंग्रेजी में अपनाया गया है, जिसका अर्थ भिन्न होता है?
(a) ईश्वर (b) जगन्नाथ (c) प्रभु (d) भगवान

12. संगम, संवाद, सन्तोष, संस्कार, संयुक्त आदि शब्दों में......... उपसर्ग है।
(a) सम (b) सन (c) सत्र (d) सण

13. 'अमृत और विष' किसकी रचना है?
(a) अब्दुल बिस्मिल्ला खाँ (b) अमृतलाल नागर
(c) सुमित्रानन्दन पन्त (d) केदारनाथ अग्रवाल

14. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्या छाँटिये।
(a) मेरे जूतों तुमसे अच्छे हैं।
(b) वह शायद से आज जाएगा।
(c) गांधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।
(d) चाकू से बच्चों को काटकर फल दो।

15. किसी की/का ......पाकर उसके प्रति...... का भाव प्रकट करना आवश्यक है।
दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।
(a) सहायता, कृतज्ञता (b) उपकार, गुलामी
(c) अनुदान, कृतघ्न (d) मदद, कर्ज

16. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प उम्मीद का 'विलोम' शब्द है?
(a) आशा (b) असन्तोष (c) अवनति (d) मायूसी

17. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अंगना शब्द का समानार्थी शब्द हैं?
(a) आँगन (b) पल्लू (c) स्त्री (d) गाँव

18. 'लोकायतन' कृति के लिए 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' किसे दिया गया था?
(a) सुमित्रानन्दन पन्त (b) गोविन्द मिश्र
(c) केदारनाथ (d) रामविलास शर्मा

19. किस शब्द में 'गण' का प्रयोग कर बहुवचन नहीं बनाया जा सकता?
(a) नेता (b) भक्त
(c) शिक्षक (d) देवी

20. निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?
(a) धरती (b) कुटुम्ब (c) मणि (d) सेना

21. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'निशीथ' का अर्थ है?
(a) भानु (b) आधी रात
(c) चन्द्रमा (d) निश में स्थिर रहना

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**80,000+**
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

**600+**
Exam Covered

**20,000+** Previous
Year Papers

**500%**
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247
GET IT ON Google Play



**22. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'संक्षिप्त' का विलोम शब्द हैं?**
(a) सीमा (b) विकास
(c) विस्तृत (d) स्थिर

**23. इनमें से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है।**
(a) चक्षु (b) सिंगार
(c) उष्ट्र (d) दधि

**24. 'प्रेम में भगवान' रचना के लिए जैनेन्द्र को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**
(a) व्यास सम्मान
(b) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार
(c) सरस्वती सम्मान
(d) देव पुरस्कार

**25. इन वाक्यों को सही क्रम में लगायें।**
A. रावण तो सिर्फ रावण है।
B. 'रावण' दुनिया में इस नाम का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।
C. राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं।
D. राम तो बहुत मिल जाएँगे, लेकिन रावण नहीं।
(a) BADC (b) ABDC
(c) BCAD (d) BDAC

**26. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प समरण का विलोमार्थी शब्द है?**
(a) अनस्मरण (b) विस्मरण
(c) अस्मरण (d) अनुसमरण

**निर्देश** (प्र.सं. 27-29) : गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

आज संसार में सभी किसी-न-किसी विडम्बना से त्रस्त हैं, और जब लोग त्रस्त हों, पराजित हों या शोकग्रस्त हों तभी उन्हें हमारी सहानुभूति, सहायता, प्रोत्साहन की जरूरत होती है। परेशानी से जूझते-जूझते उनका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। उस समय उनकी खिल्ली उड़ाने का या उनकी परेशानी का मजा लूटने का मोह हमें रोकना चाहिए और उन्हें सहारा देना चाहिए, उनकी हिम्मत बढ़ानी चाहिए, जो ऐसा करते हैं वे उनके हृदय में हमेशा के लिए स्थान प्राप्त कर लेते हैं, अपनी लोकप्रियता की परिधि विस्तृत करते हैं।

दूसरों के सुख-दुख में सच्चे अंत:करण से दिलचस्पी लेना अच्छे संसकार का लक्षण तो है ही, साथ व्यवहार कुशलता भी है, जो लोगों को हमारी ओर आकर्षित करती है। हाँ, इसमें दिखावा, बनावटीपन और ऊपरी शिष्टाचार नहीं होना चाहिए। जो भावना सच्ची होती है, हृदय से निकलती है, वहीं हृदय को बाँध भी सकती है।

**27. किसी लोकप्रियता बढ़ती है?**
(a) जो हृदय में स्थान बना लेते हैं
(b) जो आत्म-विश्वास से आगे बढ़ते हैं
(c) जो त्रस्त, पराजित है
(d) जो त्रस्त लोगों को सहारा देते हैं, हिम्मत बढ़ाते हैं

**28. अच्छे संस्कार का क्या लक्षण है?**
(a) दूसरों को अपनी ओर आकषित करना
(b) दूसरों के बुरे समय में तहे दिल से मदद करना
(c) दिलचस्पी से अपना काम करना
(d) ऊँची उड़ान भरना

**29. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है .........।**
(a) शिष्टाचार (b) लोकप्रियता
(c) आत्म-विश्वास (d) व्यवहार कुशलता

**30. सूरदास और नंददास की काव्य रचनाओं की भाषा कौन-सी थी?**
(a) संस्कृत (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ी बोली (d) प्राकृत

**31. "खराद्र पर चढ़ना" का अर्थ कौन-सा विकल्प है?**
(a) शत्रु के आमने-सामने आना
(b) कठिनाई में पड़ना
(c) जाँच में आना
(d) सच्चाई का सामना करना

**32. .........स्त्रीलिंग शब्द होते हैं।**
(a) वृक्षों के नाम (b) नक्षत्रों के नाम
(c) देशों के नाम (d) पर्वतों के नाम

**33. खिचड़ी किस प्रकार का शब्द है?**
(a) देशज (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) तद्भव

**34. "आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास" कहावत का अर्थ कौन-से विकल्प में बताया है?**
(a) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना
(b) ईश्वर भक्ति को छोड़ व्यापार में लग जाना
(c) हरिभक्ति का मार्ग कठिन होता है
(d) उद्देश्य की प्राप्ति में असफल होना

**35. निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा हैं?**
(a) चील (b) कुर्सी
(c) पक्षी (d) राशि

**36. "चरण कमल बन्दों हरि राई"। पंक्ति में चरण कमल का अर्थ क्या है?**
(a) पैरों पर कमल के फूल (b) कमल के फूल पर पैर
(c) कमल के फूल जैसे पैर (d) पैर और कमल का फूल

**37. "तीन बेर खाती थी, वे तीन बेर खाती है।" इस वाक्य में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।**
(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा (c) श्लेष (d) यमक

**38. "सब्जबाग दिखाना" इस मुहावरे का अर्थ क्या है?**
(a) हरे भरे उद्यानों की सैर करना
(b) धोखा देना
(c) हिम्मत बँधाना
(d) झूठे वायदे करना

**39. "प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।" वाक्य का काल पहचानिए।**
(a) सामान्य-भूतकाल (b) पूर्ण वर्तमान काल
(c) सामान्य वर्तमान काल (d) अपूर्ण वर्तमान काल

**40. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।**

**परभृत, ......... का पर्याय है।**
(a) रंग (b) कोयल
(c) बगुला (d) साँप

Adda247 GET IT ON Google Play



# भाग 2 मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**41. ......... संसद के किसी भी सदन के एक सदस्य द्वारा एक औपचारिक प्रस्ताव है, कि सदन कुछ करता है, कुछ किए जाने का आदेश देता है, या किसी बात के सम्बन्ध में कोई राय व्यक्त करता है।**
(a) प्रस्ताव (b) मत (c) राय (d) इच्छापत्र

**42. निम्न में से कौन-सा बैंकों के राष्ट्रीकरण का लक्ष्य नहीं है?**
(a) जमा राशियों की मात्रा में विस्तार
(b) बैंकिग कारोबार का संकेन्द्रण
(c) ग्रामीण और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रवेश
(d) शाखाओं का असीम विस्तार

**43. निम्न में से कौन-सी, आयकर की गणना के लिए कुल आय में से कटौती नहीं है?**
(a) व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज
(b) स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान
(c) शिक्षा ऋण पर ब्याज
(d) आवास ऋण पर ब्याज भुगतान

**44. अगस्त 2015 तक उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, किस राज्य को निवल राज्य घरेलू उत्पाद में पहले स्थान पर रखा गया है?**
(a) नई दिल्ली (b) गोवा
(c) चंडीगढ़ (d) सिक्किम

**45. 'रोजैशिया' एक आम बीमारी है, जो मानव शरीर के किस भाग को प्रभवित करता है?**
(a) नस (b) ऊतक
(c) त्वचा (d) हड्डी

**46. मद्रास हिन्दू सामाजिक सुधार एसोसिएशन का आरम्भ किसकी मदद के लिए हुआ था।**
(a) गरीब बच्चों (b) विकलांगों
(c) देवदासियों (d) जनजातीय लोगों

**47. निम्न में से किसे, 2015 में एक संशोधन के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराधों की सूची में जोड़ दिया गया है?**
(i) किसी मन्दिर के लिए एक देवदासी के रूप में एक अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं को समर्पित करने की प्रथा।
(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति द्वारा आम सम्पत्ति संसाधनों का उपयोग, सार्वजनिक पूजा के किसी भी स्थान में प्रवेश जो जनता के लिए खुला है, और शिक्षा या स्वास्थ्य संस्था में प्रवेश निषेध।
(a) केवल (ii)
(b) (i) और (ii) दोनों में से कोई नहीं
(c) (i) और (ii) दोनों
(d) केवल (i)

**48. मॉडेम किस प्रकार के उपकरण है?**
(a) आउटपुट (b) इनपुट/आउटपुट
(c) स्टोरेज (d) इनपुट

**49. राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों में से कौन-सा अनुच्छेद, प्रबन्धन में श्रमिक भागीदारी को सुरक्षित करने की बात कहता है?**
(a) अनुच्छेद 39 A (b) अनुच्छेद 38 B
(c) अनुच्छेद 43 A (d) अनुच्छेद 36

**50. इस यातायात संकेत का क्या मतलब है?**



(a) आगे तेज गति यातायात है
(b) आगे यातायात एक तरफ है
(c) आगे यातायात सीधा दो तरफा है
(d) आगे दो लेन सड़क है

**51. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जनहित याचिका दाखिल करने के सम्बन्ध में सही है?**
A. जनहित याचिका, केवल एक राज्य या केन्द्र सरकार, या नगर निगम के अधिकारियों आदि के खिलाफ ही दायर की जा सकती है।
B. निजी पक्ष को प्रतिवादी के रूप में, सम्बन्धित राज्य प्राधिकार को एक पक्ष बनाने के बाद जनहित याचिका में शामिल किया जा सकता है।
(a) A और B दोनों में से कोई नहीं
(b) केवल B
(c) केवल A
(d) A और B दोनों

**52. निम्नलिखित कार्यों में से कौन-सा संविधान सभा द्वारा नहीं किया गया था?**
(a) इसने राष्ट्रमण्डल में भारत की सदस्यता का अनुमोदन किया
(b) इसने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को अंगीकृत किया
(c) इसने देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू को चुना
(d) इसने राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकृत किया।

**53. कौन-सी जानकारी को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत साझा नहीं किया जा सकता है?**
A. बौद्धिक सम्पदा के बारे में जानकारी
B. विदेशी सरकारों से प्राप्त सूचना
(a) केवल B
(b) केवल A
(c) A और B दोनों
(d) A और B दोनों में से कोई नहीं

**54. राज्यसभा ने 8 अगस्त, 2016 को 'मानसिक स्वास्थ्य सेवा विधेयक' को पारित करके कौन-से कृत्य को अपराध-श्रेणी से अलग कर दिया?**
(a) विद्युत-आक्षेपात्मक चिकित्सा
(b) आत्महत्या के प्रयास का अपराध
(c) स्टेरॉयड, मांसपेशी शिथिलक और संज्ञाहरण का उपयोग
(d) विक्षिप्त मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा अपराध

**55. किस मकबरे का ''अहमदाबाद का एक्रोपोलिस'' कहा जाता है?**
(a) लोधी गार्डन (b) एतमादुद्दौला का मकबरा
(c) हुमायूँ का मकबरा (d) सरखेज रोजा

Adda247 GET IT ON Google Play



**56. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव के सम्बन्ध में चुनाव याचिका को ......... के समक्ष दायर किया जा सकता है।**
(a) निर्वाचन आयोग (b) राष्ट्रपति
(c) उच्च न्यायालय (d) सर्वोच्च न्यायालय

**57. 30 नवम्बर 2017 को, खुफिया ब्यूरो के निदेशक कौन थे?**
(a) राजिन्दर खन्ना (b) आर. एन. रवि
(c) अशोक पटनायक (d) राजीव जैन

**58. भारत के संविधान के कौन-से घटक, मानव अधिकारों के सिद्धान्तों को शामिल करते हैं, जैसा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा में परिकल्पित है?**
A. मौलिक अधिकार
B. राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त
C. मौलिक कर्तव्य
(a) A, B और C (b) A और B
(c) A और C (d) B और C

**59. .........समिति के अध्यक्ष होते हैं, जिनकी सिफारिशों पर केन्द्र सकार प्रवर्तन निदेशक नियुक्त करती है।**
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) लोकपाल
(c) कैबिनेट सचिव (d) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

**60. भारत के संविधान के किसी संशोधन विधेयक को .........।**
(a) केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है
(b) पहले राष्ट्रपति को उनकी अनुमति के लिए भेज दिया जाता है
(c) लोकसभा या राज्यसभा में पेश किया जा सकता है
(d) केवल राज्यसभा में पेश किया जा सकता है

**61. कोरिंगा गरान वन कहाँ हैं?**
(a) ओडिशा (b) पश्चिम बंगाल
(c) कर्नाटक (d) आन्ध्र प्रदेश

**62. भारत सरकार (व्यवसाय संव्यवहार) नियम और भारत सरकार (व्यासाय का आवंटन) नियम के प्रबन्धन के लिए कौन जिम्मेदार है?**
(a) प्रधानमंत्री (b) उच्च न्यायालय
(c) मंत्रिमण्डल सचिवालय (d) सर्वोच्च न्यायालय

**63. किस टेनिस जोड़ी को भारत-पाक एक्सप्रेस कहा जाता है?**
(a) सानिया मिर्जा-शोएब मलिक
(b) रोहन बोपन्ना और एसाम-उल-हक
(c) महेश भूपति-अकील खान
(d) लीएंडर पेस-अकील खान

**64. ऐसा कौन-सा पर्यावरण पुरस्कार है, जो पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित है, और यह उन व्यक्तियों और संगठनों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सुधार के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण और उत्कृष्ट योगदान दिया है।**
(a) इन्दिरा प्रियदर्शनी वृक्ष मित्र (b) पर्यावरण के नायक
(c) वन विज्ञान पुरस्कार (d) इन्दिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार

**65. तप्त द्वीप शब्द नीचे दिए गए विकल्पों में से किससे सम्बन्धित है?**
(a) ज्वालामुखी विस्फोट से बना द्वीप
(b) गर्म क्षेत्र के द्वीप
(c) उष्ण महानगर
(d) ताप शक्ति संघ से घिरा क्षेत्र

**66. राज्यसभा में भारत के प्रत्येक राज्य के लिए सीटों के आवंटन का भारत के संविधान की .........अनुसूची में उल्लेख किया गया है।**
(a) 6ठी (b) 5वीं (c) 8वीं (d) 4थी

**67. मूल हस्तलिखित भारतीय संविधान के प्रत्येक पृष्ठ को .........के कलाकारों द्वारा निखारा और सजाया गया था।**
(a) पूरे भारत (b) चित्रकला परिषद्
(c) जे जे, स्कूल ऑफ आर्ट्स (d) शांतिनिकेतन

**68. किस देश ने यौन शोषण के शिकार लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र के कोष को पहला योगदान दिया?**
(a) भारत (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) चीन (d) अमेरिका

**69. कृषि मशीनरी में, 2000-14 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह कुल निवेश के प्रतिशत के तौर पर कितना था?**
(a) 0.16 % (b) 1.33% (c) 1% (d) 0.69%

**70. .........को भूमि अभिलेखों के प्रबन्धन के आधुनिकीकरण, भूमि/सम्पत्ति विवाद की गुंजाइश को कम करने, भू-अभिलेखों की रखरखाव प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2008 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था।**
(a) भूमि अभिलेख के जिला निरीक्षक (डीआईएलआर)
(b) हरियाणा अंतरिक्ष उद्यमप्रयोग्य सेन्टर (एचएआरएसएसी)
(c) चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोक्योमेंट एण्ड सप्लाई (सीआईपीएस)
(d) राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एनएलआरएमपी)

**71. बैंक ऋण के प्रयोजन के लिए, अल्पकालिक फसल किसे मानी जाती है?**
(a) फसल जो एक साल और 3 महीने की अवधि के लिए होती है
(b) जो फसल एक साल से अधिक के लिए उगाई जाती है
(c) जो फसल एक साल या उससे कम के लिए उगाई जाती है
(d) फसल जो एक साल और 6 महीने की अवधि के लिए होती है

**72. संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में से किसका सही मेल नहीं है।**
(a) आठवीं अनुसूची में; मान्यता प्राप्त भाषाओं की सूची निहित है
(b) नौवीं अनुसूची में; कुछ अधिनियमों और विनियमों के सत्यापन के प्रावधान निहित हैं
(c) बारहवीं अनुसूची में, नगर पालिकाओं की शक्तियाँ, अधिकार और जिम्मेदारियाँ निहित हैं
(d) ग्यारहवीं अनुसूची में, अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियन्त्रण के प्रावधान निहित हैं

**73. ......... भारत सरकार में शीर्षस्थ कार्यकारी अधिकारी और सबसे वरिष्ठ लोक सेवक हैं।**
(a) खुफिया ब्यूरो के निदेशक
(b) नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक
(c) कैबिनेट सचिव
(d) अटार्नी जनरल

**74. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय राज्य-सूची का एक हिस्सा है?**
(a) वन
(b) जनसंख्या नियन्त्रण और परिवार नियोजन
(c) कृषि आय पर कर
(d) आर्थिक और सामाजिक योजना

**75. वनस्पति कृषि जो खेती का एक प्रारम्भिक रूप है, पहली बार ......... में प्रयोग में लाया गया था।**
(a) दक्षिण पूर्व यरोप
(b) दक्षिण पूर्व एशिया

Adda247 GET IT ON Google Play



(c) दक्षिण अमेरिका के उत्तर पूर्वी क्षेत्र
(d) मध्य एशिया

**76. निम्न में से कौन-सा केन्द्र और राज्य के प्रशासनिक सम्बन्धों के बारे में सही है?**

A. केन्द्र राज्य सरकारों को हिन्दी भाषा के विकास को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दे सकता है।

B. संसद को, किसी अन्तर-राज्यीय नदी या नदी घाटी में पानी के उपयोग, वितरण या नियन्त्रण के सम्बन्ध में किसी भी विवाद या शिकायत पर न्यायनिर्णय करने की शक्ति के साथ निहित किया गया है

(a) केवल A
(b) A और B दोनों
(c) A और B दोनों में से कोई नहीं
(d) केवल B

**77. इण्डियन नेशनल आर्मी (आईएनए) मुकदमे जो ......... के रूप में भी लोकप्रिय हैं, नवम्बर 1945 और मई 1946 के बीच इण्डियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के कई अधिकारियों के कोर्ट-मार्शल द्वारा ब्रिटिश भारतीय मुकदमे थे।**

(a) लाल किला मुकदमे (b) आजाद हिन्द मुकदमे
(c) देश भक्त मुकदमे (d) रंगून मुकदमे

**78. .........एक ऐसा पासवर्ड है जिसे केवल एक बार इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसे आमतौर पर बेतरतीब ढंग से विशेष सॉफ्टवेयर के द्वारा उत्पन्न किया जाता है।**

(a) कोडहैक
(b) सिक्योर एक्सेस
(c) वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी)
(d) कैप्चा

**79. उच्च शुद्धता का जर्मेनियम ......... द्वारा प्राप्त किया जाता है।**

(a) वाष्प चरण परिशोधन
(b) क्षेत्र परिशोधन
(c) द्रवीकरण
(d) इलेक्ट्रोलाइड परिशोधन

**80. निम्न मौलिक अधिकारों को उस अनुच्छेद के आरोही क्रम में लगाएँ जिसके तहत वे संविधान में दिखाई देते हैं।**

A. स्वतन्त्रता का अधिकार
B. शोषण के विरुद्ध अधिकार
C. समानता का अधिकार
D. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

(a) CADB (b) CABD
(c) ACDB (d) ACBD

## भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

**81. यदि 15 जून, 2001 को गुरुवार था। तो 16 जून, 2008 को कौन-सा दिन था?**

(a) रविवार (b) सोमवार
(c) शुक्रवार (d) शनिवार

**82. एक काम को $A$ और $B$ क्रमशः 16 दिनों और 18 दिनों में कर सकते हैं। $A$ ने अकेले काम आरम्भ किया था, और 4 दिनों के बाद $B$ भी शामिल हो गया और काम पूरा होने तक जुड़ा रहा। काम कितने दिनों तक चला?**

(a) 6.35 दिन (b) 6.92 दिन
(c) 6 दिन (d) 6.57 दिन

**83. एक परिवार का वर्ष के पहले तीन महीनों में मासिक औसत खर्च ₹720 था, अगले 4 महीनों में ₹695 था, और अन्तिम 5 महीनों में ₹732 था। यदि पूरे वर्ष में कुल बचत ₹1632 हुई थी, तो परिवार की औसत मासिक आमदनी ज्ञात करें?**

(a) ₹853 (b) ₹860 (c) ₹852.66 (d) ₹854

**84. आमला और विमला एक खेल खेलती हैं जिसमें उन्हें $A$ से $E$ के बीच के किसी एक अक्षर का चयन करने को कहा जाता है, यदि दो अक्षर मेल खते हैं, तो दोनों एक पुरस्कार जीत जाती हैं। केवल एकल प्रयास में वे पुरस्कार न जीतें, ऐसी सम्भाव्यता ज्ञात करें।**

(a) 24/25 (b) 2/25
(c) 1/25 (d) 25/23

**85. रवि को ₹2500 की आवश्यकता थी। उसने कुछ राशि $A$ से और कुछ $B$ से उधार ली। $A$ को उसने 5% ब्याज दिया और $B$ को 7% का ब्याज दिया। यदि एक वर्ष के अन्त में उसके द्वारा दिया गया कुल ब्याज ₹160 है, तो उसने $A$ से कितनी राशि उधार ली?**

(a) 900 (b) 750
(c) 1500 (d) 1000

**86. छात्रों के $A$, $B$ और $C$ तीन समूह हैं, और हर एक समूह में क्रमशः 40, 50 और 70 छात्र हैं। परीक्षा में समूह $A$ के छात्रों का औसत प्राप्तांक 70 है, समूह $B$ के छात्रों का औसत प्राप्तांक 60 है। यदि सभी तीनों समूहों को एक साथ मिला दिया जाए तो उनका औसत प्राप्तांक 80 हो जाता है। तो समूह $C$ के छात्रों का औसत प्राप्तांक क्या होगा?**

(a) 70 (b) 100
(c) 90 (d) 80

**87. यदि ₹3000 पर 5% की दर से एक वर्ष के लिए मिलने वाला साधारण ब्याज ₹2000 पर 5% की दर से $N$ वर्षों के लिए मिलने वाले साधारण ब्याज से ₹150 से कम है, तो $N$ का मान ज्ञात करें?**

(a) 4 (b) 1
(c) 2 (d) 3

**88. 10% पानी मिले 10 लीटर हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन को 10% पानी मिले 20 लीटर हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन में मिलाया जाता है। परिणामी विलयन में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का प्रतिशत ज्ञात करें?**

(a) 75% (b) 90% (c) 80% (d) 85%

**89. सरलीकृत करें।**

$$\sqrt[5]{55296} \div \sqrt[5]{1728} = ?$$

(a) 1 (b) 32 (c) 2 (d) 16

**90. $ABC$ पब्लिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए 320 छात्रों ने आवेदन किया, 230 छात्रों ने परीक्षा पास की और बचे हुए में से 11.11% परीक्षा पास नहीं कर पाए। उन छात्रों की संख्या ज्ञात करें जो परीक्षा के लिए हाजिर नहीं हुए?**

(a) 80 छात्र (b) 70 छात्र
(c) 60 छात्र (d) 45 छात्र

Adda247
GET IT ON Google Play



**91.** एक विक्रेता को पता चलता है कि उसका 10% माल खराब है और बाजार में बिल्कुल नहीं बेचा जा सकता। उसे बचे हुए सामान का मूल्य कितने प्रतिशत बढ़ाना चाहिए ताकि खराब सामान के कारण होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति की जा सके?
(a) 14.28% (b) 10%
(c) 12.1% (d) 11.11%

**92.** मान जो खुद के 7% से 1.86 अधिक है वो है?
(a) 2 (b) 1.73
(c) 2.657 (d) 2.57

**93.** 76% जल मिश्रित 10 लीटर चीनी के एक विलयन को 5 दिनों के लिए धूप में रखा जाता है। 5 दिनों के बाद, यदि विलयन में जल की मात्रा 20% रहती है, तो शेष विलयन का परिमाण ज्ञात करें?
(a) 3 लीटर (b) 5 लीटर (c) 4 लीटर (d) 6 लीटर

**94.** पाँच व्यक्ति $P, Q, R, S$ और $T$ एक गोल टेबल के चारों ओर बैठे हैं। वे आपस में कितनी बार अलग-अलग तरीके से बैठ सकते हैं, ताकि $Q$ और $T$ कभी एक साथ न बैठें?
(a) 48 (b) 36 (c) 24 (d) 12

**95.** यदि $abc = 1$, तो $1/(1+b+c^{-1}) + 1/(1+a+b^{-1}) + 1/(1+c+a^{-1})$ का मान ज्ञात करें?
(a) $a+b+c$ (b) 1
(c) $a/b$ (d) $1/a+b+c$

निर्देश (प्र.सं. 16-18) : निम्न सारणी भारत से वर्ष 2000-2001 से 2005-2006 तक मिठाइयों के निर्यात की विवरण दर्शाती है।

| वर्ष | दूध की मिठाइयाँ | | घी की मिठाइयाँ | |
|---|---|---|---|---|
| | मात्रा (टन में) | मूल्य (₹ में) | मात्रा टन में | मूल्य (₹ में) |
| 2000-2001 | 366 | 339.95 | 23 | 12.37 |
| 2001-2002 | 350 | 333.53 | 36 | 20.23 |
| 2002-2003 | 397 | 412.09 | 27 | 16.36 |
| 2003-2004 | 242 | 287.31 | 293 | 169.39 |
| 2004-2005 | 229 | 429.92 | 526 | 320.07 |
| 2005-2006 | 286 | 699.83 | 277 | 198.15 |

**96.** वर्ष 2002-2003 से 2003-2004 तक घी की मिठाइयों के निर्यात में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?
(a) 985.15% (b) 500%
(c) 100% (d) 350%

**97.** 2003-2004 के लिए निर्यात में दूध की मिठाइयों की इकाई मूल्य का घी की मिठाइयों से अनुपात क्या थी?
(a) 2 : 1 (b) 3 : 1 (c) 1 : 1 (d) 1 : 2

**98.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में घी की मिठाइयों के इकाई मूल्य में गिरावट आई थी?
(a) 2002-2003 (b) 2003-2004
(c) 2004-2005 (d) 2001-2002

**99.** '$a$' और '$b$' का महत्तम समापवर्तक 7 है। निम्नलिखित में से कौन-सा उनका लघुत्तम समापवर्त्य कभी नहीं हो सकता है?
(a) 1484 (b) 1358
(c) 1687 (d) 1586

**100.** एक वृत्त की त्रिज्या 9 सेमी है, और इस वृत्त में एक जीवा की लम्बाई 14 सेमी है। केन्द्र से जीवा की दूरी ज्ञात करें?
(a) 7 सेमी (b) 5.66 सेमी
(c) 4 सेमी (d) 6.3 सेमी

**101.** $A$ से $B$ 70% अधिक कार्यकुशल है। जिस काम को $A$ अकेले 9 दिनों में पूरा कर सकता था, उसको दोनों मिलकर करने पर कितने दिनों में पूरा करेंगे?
(a) $3\frac{1}{3}$ दिन (b) $4\frac{2}{3}$ दिन
(c) 4 दिन (d) 3 दिन

**102.** एक टीवी ₹ 20000 में खरीदा जाता है, और ₹18000 में बेचा जाता है। हानि का प्रतिशत ज्ञात करें?
(a) 10% (b) 20% (c) 5% (d) 30%

**103.** $(1024^{0.13} \times 1024^{0.07}) / (7^{0.25} \times 49^{0.075} \times 343^{0.2})$ का मान ज्ञात करें?
(a) 3/49 (b) 3/16 (c) 3/52 (d) 4/7

**104.** निम्न का मान ज्ञात करें।
$\sqrt[8]{\sqrt[3]{(81^2)^3}}$
(a) 5 (b) 9 (c) 11 (d) 3

**105.** राजन ठहरे हुए पानी में $7\frac{1}{2}$ किमी/घंटा की गति से नाव चला सकता है। अनुकूल धारा के मुकाबले प्रतिकूल धारा में नाव चलाने में उसे दोगुना समय लगता है। धारा की गति ज्ञात करें।
(a) 2.5 किमी/घंटा (b) 5 किमी/घंटा
(c) 3 किमी/घंटा (d) 1 किमी/घंटा

**106.** एक दुकानदार लागत मूल्य पर 10% की दिवाली छूट देता है। परन्तु गलत वजन का प्रयोग करके लागत मूल्य पर 25% का लाभ कमाता है। ज्ञात करें कि सही वजन कितना प्रतिशत कम है?
(a) 58% (b) 28%
(c) 33% (d) 46%

**107.** निम्नलिखित में से अपरिमेय संख्या को पहचानें?
(a) $\sqrt{8100}$ (b) 0.45
(c) 22/7 (d) $\sqrt{8100} + (1\sqrt{8100})$

**108.** एक खेल स्पर्धा में 80 खिलाड़ी भाग लेते हैं। सभी खिलाड़ी कम से कम एक खेल-भाला फेंक, बाधा दौड़ और लम्बी कूद में हिस्सा लेते हैं। 40 और 54 खिलाड़ी क्रमशः लम्बी कूद ओर बाधा दौड़ में भाग लेते हैं। 14 ने भाला फेंक और लम्बी कूद में भाग लिया, 24 ने लम्बी कूद और बाधा दौड़ में भाग लिया था, 10 ने भाला फेंक और बाधा दौड़ में भाग लिया, जबकि 8 ने सभी खेलों में भाग लिया।
निम्न स्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या ज्ञात करें
(i) केवल भाला फेंक
(ii) भाला फेंक और बाधा दौड़, परन्तु लम्बी कूद में भाग नहीं लिया।
(a) 10, 4 (b) 15, 4 (c) 15, 3 (d) 10, 2

**109.** दो सिलिण्डरों $A$ और $B$ के व्यास क्रमशः 4 : 1 के अनुपात में हैं। यदि सिलिण्डर $A$ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल सिलिण्डर $B$ से दोगुना है, तो उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात करें?
(a) 8 : 1 (b) 9 : 1 (c) 4 : 1 (d) 9 : 2

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play



**110.** विल्सन हर दिन एक ही समय पर अपने दफ्तर के लिए निकलता है। यदि वह 5 किमी/घंटा की गति से चलता है तो 2 मिनट देरी से पहुँचता है। यदि वह 10 किमी प्रति घंटा की गति से चलता है तो 4 मिनट जल्दी पहुँचता है। समय पर दफ्तर पहुँचने के लिए उसकी गति और उसके दफ्तर की दूरी ज्ञात करें?
(a) 6.33 किमी प्रति घंटा, 0.8 किमी
(b) 7.5 किमी प्रति घंटा, 1 किमी
(c) 6 किमी प्रति घंटा, 1 किमी
(d) 6 किमी प्रति घंटा, 0.8 किमी

**111.** तीन पाइप $P$, $Q$ ओर $R$ एक पात्र को क्रमशः 38, 44 और 28 मिनटों में भर सकते हैं। शुरुआत में पात्र खाली है। पाइप $P$ समूह 9 : 41 को खोला गया और 8 मिनट बाद पाइप $Q$ खोला गया। पाइप $Q$ खोलने के बाद सुबह ठीक 10 बजे तक पात्र को भरने के लिए पाइप $R$ को कितने मिनट बाद खोला जाना चाहिए?
(a) 7 मिनट (b) 11 मिनट
(c) 10 मिनट (d) 4 मिनट

**112.** जब 6666666......... को 64 अंक तक 17 के द्वारा विभाजित किया जाता है तो शेषफल क्या होगा?
(a) 0 (b) 9 (c) 16 (d) 1

**113.** ग्लिसरीन और पानी के एक मिश्रण में ग्लिसरीन 45% है। बाद में उस मिश्रण के 100 ग्राम में 35 ग्राम (भार के अनुसार) पानी और मिला दिया जाता है। तदनुसार उस नए मिश्रण में भार के अनुसार, ग्लिसरीन का प्रतिशत कितना हो जाएगा?
(a) 33 (b) $33\frac{1}{3}$
(c) $40\frac{20}{27}$ (d) 45

**114.** दो ट्रेनें $A$ और $B$ एक ही दिशा में क्रमशः 73 किमी प्रति घंटा और 23 किमी/घंटा की गति से चल रही हैं। ट्रेन $B$ में बैठे हुए एक व्यक्ति को ट्रेन $A$ 36 सेकंड में पार करती है। ट्रेन $A$ की लम्बाई कितनी होगी?
(a) 1000 मीटर (b) 250 मीटर
(c) 1800 मीटर (d) 500 मीटर

**115.** एक ऑनलाइन परीक्षा में सौ अंकों के 22 प्रश्न हैं। परीक्षा में चार-चार अंकों वाले हाँ/ना के प्रश्न और पाँच-पाँच अंकों वाले बहु-विकल्पीय प्रश्न शामिल है। परीक्षा में कितने बहु-विकल्पीय प्रश्न है?
(a) 30 (b) 12 (c) 50 (d) 10

**116.** "$N$" के 20% का तीन गुना 12, 4, 8 और 6 के द्वारा पूरी तरह विभाज्य है। तो $N$ का लघुत्तम मान क्या है?
(a) 40 (b) 14.4 (c) 24 (d) 48

**117.** 4.858585 ......... की भिन्नात्मक संकेत पद्धति क्या है?
(a) 481/99 (b) 235/55 (c) 482/990 (d) 485/99

**118.** एक रेलगाड़ी 500 मीटर और 250 मीटर लम्बे दो पुलों को क्रमशः 100 सेकंड और 60 सेकंड में पार कर लेती है। रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है?
(a) 120 मीटर (b) 125 मीटर
(c) 250 मीटर (d) 152 मीटर

**119.** एक $a/b = c/d = e/f = 2/3$ तो $(2a^2 - 3c^2 + 4e^2)\,(2b^2 - 3d^2 + 4f^2)$ का मान ज्ञात करें?
(a) 4 : 9 (b) 2 : 5 (c) 3 : 8 (d) 1 : 6

**120.** 10 मार्च, 2065 को कौन-सा दिन होगा?
(a) मंगलवार (b) सोमवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार

## भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता /तार्किक परीक्षण

**121.** नीचे दिए गए सवाल में दो कथन I और II हैं। आपको तय करना है कि क्या कथन में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवालों के जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
**सवाल :** P, Q, R, S, T और V में तीसरा सबसे अधिक वजनदार कौन है?
I. P, Q से अधिक वजनदार है; R सिर्फ S से अधिक वजनदार है।
II. T, P से अधिक वजनदार है, जो V से अधिक वजनदार है।
(a) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(b) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(c) केवल कथन I के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(d) केवल कथन II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं

**122.** नीचे दिए गए सवाल में एक कथन है, जिसके बाद दो पूर्वानुमान I और II हैं आपको कथन में सब कुछ सच मानना है, और फिर दो पूर्वनुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि उनमें से कौन-सा कथन में दी गई जानकारी का किसी भी सन्देह से परे तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
**कथन :** एक अच्छा अच्छा उपन्यास यदि महँगा हो तब भी खरीदा जाता है।
**पूर्वानुमान :** I. कुछ उपन्यास औरों से बेहतर होते हैं।
II. ज्यादातर किताबें महँगी होती हैं।
(a) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(b) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है
(c) न पूर्वानुमान I और II अन्तर्निहित हैं
(d) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है

**123.** निम्न श्रृंखला में प्रश्नचिह्न की जगह पर क्या आएगा?
32, 130, 348, 734, ?
(a) 1236 (b) 1126
(c) 1336 (d) 1226

**124.** $D$ एक पुस्तकालय है जो शहर $C$ के पूर्व में 6 किमी की दूरी पर है। $A$ एक महाविद्यालय है जो शहर $C$ के दक्षिण में 6 किमी की दूरी पर है। पुस्तकालय $E$ शहर $C$ के उत्तर में 6 किमी की दूरी पर है। पुस्तकालय $E$, $D$ के उत्तर-पश्चिम में हैं।
$A$ के सन्दर्भ में $E$ किस दिशा में है?
(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम

Adda247
GET IT ON Google Play



**125. निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष I, II, III दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता/करते है/हैं?**

**कथन :** सभी डॉक्टर डीजीओ है।
कुछ डीजीओ मनोचिकित्सक है।
कोई मनोचिकित्सक महिला नहीं हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ डॉक्टर मनोचिकित्सक हैं।
II. कुछ डीजीओ महिलाएँ हैं।
III. कुछ महिलाएँ डीजीओ नहीं हैं।

(a) केवल II अनुसरण करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) सभी अनुसरण करते हैं
(d) कोई भी अनुसरण नहीं करता

**126. 5 डिब्बे $P, Q, R, S$ और $T$, 5 विभिन्न रंग लाल, हरा, नीला, गुलाबी और पीले से रंगे हुए हैं, जरूरी नहीं उसी क्रम में। $R$ गुलाबी या हरे रंग का हो सकता है। $Q$ हरे या लाल रंग का नहीं है, $S$ नीले रंग का है। $T$ गुलाबी या पीले रंग का नहीं है। $P$ हरे या लाल रंग का नहीं है।**

(a) पीला (b) लाल (c) गुलाबी (d) हरा

**127. एक निश्चित कूट भाषा में 'SMART' को 'QKCPR' के रूप में लिखा जाता है। उस कूटभाषा में 'SCOPE' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) QAQNC (b) QANMB
(c) QAPNC (d) QANMC

**128. $Q, S$ की इकलौती बेटी है, $S, P$ के ससुर हैं। $K, B$ का मामा है, $B, S$ का पोता है। $T$ जो एक महिला है, उसका दामाद $P$ है। $R, W$ का बेटा है, $W, S$ की इकलौती बहू है। $B$ का $W$ के पति से क्या सम्बन्ध है?**

(a) भाँजा (b) चचेरा भाई
(c) बेटा (d) पोता

**129. जगन अपने घर से प्रारम्भ करके दक्षिण-पूर्व की ओर 9 किमी चलता है। फिर वह अपने बायीं 90° मुड़ता है, और 12 किमी चलकर एक मन्दिर पहुँचता है। इस मन्दिर से उसके घर पहुँचने के लिए कम से कम दूरी क्या होगी?**

(a) 11 किमी (b) 12 किमी
(c) 5 किमी (d) 15 किमी

**130. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I, II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता/करते है/हैं।**

**कथन :** सभी गायक नर्तक हैं।
कुछ नर्तक संगीतकार हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ संगीतकार नर्तक हैं।
II. कुछ नर्तक गायक हैं।

(a) न I और न II अनुसरण करते हैं
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) केवल I अनुसरण करता है
(d) दोनों I और II अनुसरण करते हैं

**131. निम्न कथन पढ़ें और उत्तर दें कि कौन-सी दलील मजबूत हैं।**

**कथन :** महत्त्वपूर्ण मानव अंगों की बिक्री, भारत में कानूनी बनाई जानी चाहिए।

**दलीलें :** I. नहीं, यह हमारी संस्कृति के खिलाफ है।
II. नहीं, इससे गलत प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा।
III. हाँ, यह मानव अंगों की अवैध बिक्री का अन्त करेगा।

(a) सिर्फ दलील II मजबूत है
(b) सिर्फ दलील III मजबूत है
(c) सिर्फ दलील I मजबूत है
(d) सभी दलीलें I, II और III मजबूत हैं

**132. उस विकल्प का चयन करें जो अन्य से भिन्न है।**

(a) कोझिकोड (b) रायपुर
(c) इलाहाबाद (d) इंदौर

**133. उस विकल्प का चयन करें जो अन्य से भिन्न है।**

(a) पायल (b) अँगूठी
(c) चूड़ी (d) घड़ी

**134. एक महिला की ओर इशारा करते हुए सुरेन ने कहा, वह मेरे भाई की माँ की इकलौती बेटी है। उस महिला का सुरेन से क्या सम्बन्ध है?**

(a) चचेरी बहन (b) माँ
(c) बहन (d) मौसी

**135. निम्न श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह की जगह पर क्या आयेगा?**

**10, 14, 15, 33, 22, ?**

(a) 60 (b) 50
(c) 70 (d) 40

**136. नीचे दिए सवाल में दो कथन I और II हैं। आपको तय करना है क्या कथन में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवालों के जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।**

**सवाल :** छह लोग P, Q, R, S, T, U केन्द्र की तरफ मुँह करके एक गोलाकार स्थिति में बैठे हैं। Q के सन्दर्भ में P का कोण क्या है?

I. P, R से 90 अंश वामावर्ती और S के 135 अंश दक्षिणावर्ती बैठा है। S, U के सन्निकट बैठा है। T और Q एक-दूसरे के आमने-सामने बैठे हैं।

II. T, S के 90 अंश दक्षिणावर्ती बैठा है। P और U एक-दूसरे के आमने-सामने बैठे हैं।

(a) केवल कथन II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(b) केवल कथन I के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(c) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(d) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं

**137. धनेश दिनेश के दक्षिण में है, जो सुरेश के पश्चिम में है, जो दीपन के पश्चिम में है। दीपन के सन्दर्भ में धनेश किस दिशा में हैं?**

(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**138. दिए गए विकल्पों में से दूसरे युग्म के लिए सापेक्ष अक्षरों का चयन करें जो, पहले युग्म के अनुरूप सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा**

**CDE : HKO :: GHI : ?**

(a) HJL (b) STR
(c) FGH (d) PSW

Adda247 GET IT ON Google Play



**निर्देश (प्र.सं. 139-141) : निम्न जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए सवाल का जवाब दें।**

कम्पनी XYZ में चयनित होने के लिए निम्न शर्तें हैं।

**उम्मीदवार :**

I. कम से कम 80% अंकों के साथ कक्ष XII उत्तीर्ण हो।
II. कम से कम 70% अंकों के साथ BBA में स्नातक हो।
III. आयु 25 साल से 35 साल के बीच हो।
IV. किसी प्रख्यात संस्था में कम-से-कम 5 साल का अनुभव हो।
V. कम-से-कम 70% अंकों के साथ MBA पूर्ण किया हो।

तथापि यदि एक आवेदक उपर्युक्त सभी मानदण्डों को पूर करता है, सिवाय

A. उपर्युक्त (II) तो इस मामले को महाप्रबन्धक को भेजा जाएगा।

B. उपर्युक्त (IV), किन्तु 3 या अधिक साल का अनुभव है, तो इस मामले को निर्देशक को भेजा जाएगा।

**139. उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाएगा**
**दीपनराज का जन्म 2 फरवरी 1989 को हुआ था। वह 87% अंकों के साथ XII कक्ष उत्तीर्ण है, और वह 75% अंकों के साथ BBA उत्तीण है, और 85% अंकों के साथ MBA उत्तीर्ण है। उसे ZX प्रा० लिमिटैउ में 5 साल का अनुभव है।**
(a) उम्मीदवार का चयन होगा
(b) मामले को महाप्रबन्धक को भेजा जायेगा
(c) या तो उम्मीरदवार का चयन नहीं होगा अथवा अपर्याप्त है
(d) मामले को निर्देशक को भेजा जाएगा

**140. उसके मामले में क्या निर्णय जाएगा?**
**धन्या का जन्म 2 फरवरी, 1989 को हुआ था। वह 92% अंकों के साथ XII कक्षा उत्तीर्ण है और वह 75% अंकों के साथ BCA उत्तीर्ण है और 85% अंकों के साथ MBA उत्तीर्ण है। उसे ZX प्रा० लिमिटेड में 5 साल का अनुभव है।**
(a) उम्मीदवार का चयन होगा
(b) मामले को निर्देशक को भेजा जायेगा
(c) मामले को महाप्रबन्धक को भेजा जायेगा
(d) या तो उम्मीदवार का चयन नहीं होगा अथवा अपर्याप्त है

**141. उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाएगा?**
**मोनिका का जन्म 2 अक्टूबर 1991 को हुआ था। वह 75% अंकों के साथ XII कक्षा उत्तीर्ण है, और 85% अंकों के साथ BBA उत्तीर्ण है, और 85% अंकों के साथ MBA उत्तीर्ण है। उसे ZX प्रा० लिमिटेड में 3 साल का अनुभव है।**
(a) मामले को महाप्रबन्धक को भेजा जायेगा
(b) मामले को निर्देशक को भेजा जायेगा
(c) या तो उम्मीदवार का चयन नहीं होगा अथवा अपर्याप्त है
(d) उम्मीदवार का चयन होगा


**142. एक फोटो की ओर इशारा करते हुए एक लड़के ने कहा, वह मेरे नानाजी के इकलौते दामाद का इकलौता बेटा है। फोटो में व्यक्ति का उस लड़के से क्या सम्बन्ध है?**
(a) भाई (b) वह स्वयं
(c) चाचा (d) जीजा


**143. नीचे दिए सवाल में कथन I और II हैं। आपको तय करना है क्या कथन में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवालों के जवाब देने के लिए पर्यापत हैं।**
**सवाल :**
I. धनेश के पिता को ठीक से याद है कि धनेश का जन्मदिन 2 के बाद लेकिन 9 के पूर्व हैं।
II. धनेश की माता को ठीक से याद है कि धनेश का जन्मदिन 6 के बाद लेकिन 9 के पूर्व हैं।
(a) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(b) केवल कथन I के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(c) केवल कथन II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं
(d) दोनों कथनों I और II के तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**144. दिए गए विकल्पों में से वर्णक्षरों का असंगत समूह खोजें :**
**ACE, IKM, QSU, FHJ**
(a) FHJ (b) QSU (c) ACE (d) IKM

**145. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन है, जिसके बाद दो पूर्वानुमान I और II हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है ओर तय करना है कि उनमें से कौन-सा कथन दी गई जानकारी का किसी भी संदेह से परे तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**
**कथन :** महत्त्व यह है कि, "जो भी तुम करो, वो महत्त्वपूर्ण हो।"
**पूर्वानुमान :**
I. जो महत्त्वपूर्ण है, वह करना चाहिए।
II. जो अनावश्यक है, वह नहीं करना चाहिए।
(a) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(b) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित हैं
(c) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित हैं
(d) न पूर्वानुमान I और न II अन्तर्निहित हैं


**146. दिए हुए विकल्पों में से दिए हुए प्रश्न की पानी में सही छवि चुनिए।**






(a) (b) (c) (d)

**147. दिए हुए विकल्पों में से दिए हुए प्रश्न की पानी में सही छवि चुनिए।**





(a) (b) (c) (d)

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play




**148.** एक निश्चित कूटभाषा में 'SMART' को 'XTKRK' के रूप में लिखा जाता है। उस कूटभाशा में 'THINK' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) SHYBN (b) SNBYO
(c) YOSNS (d) YOSNB

**149.** वह विकल्प चुनें जो दूसरों से भिन्न है।
(a) मशाल (b) ट्यूबलाईट (c) स्विच (d) बल्ब

**150.** 4 मित्र उत्तर की तरफ मुँह करके एक पंक्ति में बैठे हैं। A. C की बिल्कुल बायीं ओर बैठता है जो *B* की दाहिनी ओर दूसरे स्थान पर बैठता है। *D* दाहिने कोने में बैठत है। बायें कोने में बैठने के लिए किसे जगह मिली होगी?
(a) D (b) C (c) A (d) B

**151.** दिए गए विकल्पों में से वर्णाक्षरों का असंगत समूह खोजें।
**DFH, FIL, HLP, JOS**
(a) JOS (b) FIL (c) DFH (d) HLP

**152.** निम्न रेखा-चित्र को देखें और ज्ञात करें, कितने विद्यार्थी न तो गणित न ही अंग्रेजी को पसन्द करते हैं।





(a) 26 (b) 23 (c) 27 (d) 21


**153.** निम्न कथन पढ़ें और उत्तर दें कि कौन-से दलील मजबूत है।
**कथन :** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारियों के वेतनों को निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतनों के समान बनाया जाना चाहिए।
**दलीलें :**
I. हाँ, इससे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सक्षम कार्य बल को आकर्षित करने और बनाए रखने में मदद मिलेगी।
II. नहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम निजी क्षेत्र के स्तर पर वेतन का भुगतान नहीं कर सकते।
III. हाँ, अन्यथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम निजी क्षेत्र के संगठनों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं होंगे।
(a) सिर्फ दलील I और III मजबूत हैं
(b) सिर्फ दलील I मजबूत है
(c) दलील I अथवा दलील II कोई भी मजबूत नहीं है
(d) सिर्फ दलील II मजबूत है

**154.** दिए गए विकलपों में से दूसरे युग्म के लिए सापेक्ष अक्षरों का चयन करें, जो पहले युग्म के अनुरूप सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा
**AEJ : CHN :: EJO : ?**
(a) GMS (b) MGS
(c) HNJ (d) GHM

**155.** एक निश्चित कूटभाषा में FOUR को 1 के रूप में लिखा जाता है, और EIGHT को 2 के रूप में लिखा जाता है। उस कूटभाषा में TWENTY को कैसे लिखा जाएगा?
(a) 6 (b) 8
(c) 5 (d) 3

**156.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें जहाँ बिन्दु/बिन्दुओं को उस ढंग से रखा जा सकता है जैसे बिन्दु/बिन्दुहओं को नीचे दी गई आकृति में रखा गया है।





(a) (b) (c) (d)

**निर्देश (प्र.सं. 37-39) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए सवाल का जवाब दें।

निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्वियस का एक उदाहरण है। (संख्याएँ, जहाँ भी वे दिखाई देती हैं, दो अंकों की संख्याएँ हैं)

| | | |
|---|---|---|
| **इनपुट** | : | 90 end 98 at me 86 95 got |
| **चरण I** | : | 86 90 end 98 at me 95 got |
| **चरण II** | : | 86 at 90 end 98 me 95 got |
| **चरण III** | : | 86 at 90 end 95 98 me got |
| **चरण IV** | : | 86 at 90 end 95 got 98 me |


चरण IV ऊपर के इनपुट के पुनर्वियस का अन्तिम चरण है।

**157.** ऊपर चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, निम्न इनपुट का चरण III क्या होगा?
इनपुट : 86 90 after 78 then at 50 there
(a) 50 at 86 78 after 90 then there
(b) 50 after 78 86 90 then at there
(c) 50 at 78 after 86 90 then there
(d) 50 at 78 after 90 86 then there

**158.** ऊपर के चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, निम्न इनपुट के चरण II में बाएँ सिरे से छठवाँ तत्व कौन-सा होगा?
इनपुट : 86 90 after 78 then at 50 there
(a) After (b) then (c) 78 (d) 50

**159.** ऊपर चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, निम्न इनपुट के चरण IV में दाहिनी छोर के दूसरे के बाईं तरफ तीसरा तत्व कौन-सा होगा?
(a) at (b) 78 (c) then (d) 86

**160.** निम्न रेखा-चित्र को देखें और मुर्गी अथवा मटन पसन्द करने वाले लोगों की संख्या ज्ञात करें।




(a) 17 (b) 9 (c) 11 (d) 4

Adda247
GET IT ON Google Play



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (a) | **2.** (a) | **3.** (a) | **4.** (a) | **5.** (a) | **6.** (d) | **7.** (c) | **8.** (b) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (b) | **12.** (a) | **13.** (b) | **14.** (c) | **15.** (a) | **16.** (d) | **17.** (a) | **18.** (a) | **19.** (d) | **20.** (b) |
| **21.** (b) | **22.** (c) | **23.** (b) | **24.** (b) | **25.** (b) | **26.** (b) | **27.** (d) | **28.** (b) | **29.** (c) | **30.** (b) |
| **31.** (b) | **32.** (b) | **33.** (a) | **34.** (a) | **35.** (c) | **36.** (c) | **37.** (d) | **38.** (d) | **39.** (c) | **40.** (b) |
| **41.** (a) | **42.** (b) | **43.** (a) | **44.** (b) | **45.** (c) | **46.** (c) | **47.** (c) | **48.** (b) | **49.** (c) | **50.** (c) |
| **51.** (b) | **52.** (a) | **53.** (c) | **54.** (b) | **55.** (d) | **56.** (d) | **57.** (d) | **58.** (b) | **59.** (d) | **60.** (c) |
| **61.** (d) | **62.** (c) | **63.** (b) | **64.** (d) | **65.** (c) | **66.** (d) | **67.** (d) | **68.** (a) | **69.** (a) | **70.** (d) |
| **71.** (d) | **72.** (d) | **73.** (c) | **74.** (c) | **75.** (b) | **76.** (d) | **77.** (a) | **78.** (d) | **79.** (d) | **80.** (b) |
| **81.** (a) | **82.** (a) | **83.** (c) | **84.** () | **85.** (b) | **86.** (b) | **87.** (d) | **88.** (b) | **89.** (c) | **90.** (a) |
| **91.** (d) | **92.** (a) | **93.** (a) | **94.** (d) | **95.** (b) | **96.** (a) | **97.** (a) | **98.** (b) | **99.** (d) | **100.** (b) |
| **101.** (a) | **102.** (a) | **103.** (d) | **104.** (d) | **105.** (a) | **106.** (b) | **107.** (a) | **108.** (d) | **109.** (a) | **110.** (c) |
| **111.** (d) | **112.** (a) | **113.** (b) | **114.** (d) | **115.** (b) | **116.** (a) | **117.** (a) | **118.** (b) | **119.** (a) | **120.** (a) |
| **121.** (a) | **122.** (d) | **123.** (c) | **124.** (b) | **125.** (b) | **126.** (d) | **127.** (a) | **128.** (c) | **129.** (d) | **130.** (d) |
| **131.** (b) | **132.** (b) | **133.** (a) | **134.** (c) | **135.** (b) | **136.** (d) | **137.** (d) | **138.** (d) | **139.** (a) | **140.** (c) |
| **141.** (b) | **142.** (b) | **143.** (d) | **144.** (a) | **145.** (a) | **146.** (a) | **147.** (b) | **148.** (d) | **149.** (c) | **150.** (d) |
| **151.** (a) | **152.** (d) | **153.** (a) | **154.** (a) | **155.** (c) | **156.** (d) | **157.** (b) | **158.** (b) | **159.** (a) | **160.** (a) |

## संकेत *एवं* हल

**1.** जब कंधे पर गृहस्थी का भार पड़ेगा तब आटे-दाल का भाव मालूम हो जाएगा।

**2.** 'परीक्षा में कठिन प्रश्नों को देखकर मेरी अक्ल चकराने लगी, मुहावरे के लिए सही अर्थ हैं **कुछ समझ में न आना।**

**3.** 'सुधि शब्द के अंत में **जन** जोड़ने पर शब्द बहुवचन बन जाएगा।

**4.** पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार '**यमक**' अलंकार है।
जहाँ एक या एक से अधिक शब्द, एक से अधिक बार प्रयुक्त हों, एवं अर्थ भी प्रत्येक बार भिन्न हो, वहाँ यमक अलंकार होता है।

**5.** सही विकल्प है, तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।

**6.** उचित शब्द **औद्योगिक** है।

**7.** प्रयुक्त वाक्य में '**प्रवासी**' शब्द विशेषण है।

**8.** पंक्ति में अर्थालंकार के उपमा का बोध झलकता है।
उपमा का शाब्दिक अर्थ है–सादृश्य, समानता या तुलना।
जहाँ उपमेय और उपमान में गुण, रूप या चमत्कृत सौन्दर्यमूलक सादृश्य का प्रतिपादन किया जाए, वहाँ 'उपमा' अलंकार होता है।
जैसे–पीपर पात सरिस मन डोला।

**9.** 'प्रत्यक्ष' शब्द का समानार्थी शब्द '**साक्षात**' है।

**10.** त्रुटि रहित वाक्य है, "**उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए।**"

**11.** जगन्नाथ विष्णु का रूप है, किन्तु ईश्वर, प्रभु तथा भगवान का अर्थ एक ही होता है। अतः जिस शब्द का अर्थ अन्य तीनों शब्दों से भिन्न हैं, वह शब्द 'जगन्नाथ' है।

**12.** संगम, संवाद, सन्तोष, संस्कार, संयुक्त आदि शब्दों में **सम् उपसर्ग** है।

**13.** अमृत और विष (1946) अमृतलाल नागर द्वारा रचित एक उपन्यास है, जिसके लिए '1967' में उन्हें '**साहित्य अकादमी पुरस्कार**' से सम्मनित किया गया।

**14.** सही वाक्य है, गांधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।

**15.** किसी की **सहायता** पाकर उसके प्रति **कृतज्ञता** का भाव प्रकट करना आवश्यक है।

**16.** 'उम्मीद' शब्द का विलोम '**मायूसी**' है।

**17.** 'अँगना' शब्द का समानार्थी शब्द '**आँगन**' है।

**18.** **लोकायतन** कृति के लिए "सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार" '**सुमित्रान्दन पन्त**' को दिया गया था।

**19.** देवी शब्द में '**गण**' का प्रयोग कर बहुवचन नहीं बनाया जा सकता।

**20.** कुटुंब शब्द पुल्लिंग है।

**21.** निशीथ का अर्थ '**आधी रात**' है।
चन्द्रमा के अन्य अर्थ है सुधांशु, सुधाकर, राकेश, सारंग, निशाकर, रजनीपति।

**22.** संक्षिप्त का विलोम '**विस्तृत**' है।

**23.** 'सिंगार' शब्द तत्सम नहीं है।
तत्सम शब्द **शृंगार** है।

**24.** '**प्रेम में भगवान**' रचना के लिए जैनेन्द्र को **भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार** से सम्मनित किया गया।

**25.** वाक्य का सही क्रम हैं-
A. रावण तो सिर्फ रावण है
B. रावण दुनिया में इस नाम का दूसरा व्यक्ति नहीं है।
C. राम तो बहुत मिल जाएँगे, लेकिन रावण नहीं
D. राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं।

**26.** 'स्मरण' का विलोमार्थी शब्द '**विस्मरण**' है।

**30.** सूरदास और नन्ददास ने अपनी काव्य रचनाओं के लिए ब्रजभाषा का प्रयोग किया।

**31.** "खरुद्र पर चढ़ना" मुहावरे का अर्थ है, कठिनाई में पड़ना।

**32.** नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग शब्द होते हैं।

**33.** खिचड़ी देशज शब्द है।
- देशज का अर्थ है देश में उत्पन्न
- वे शब्द जो विभिन्न बोलियों या भारतीय भाषाओं से हिन्दी में आए हैं, देशज शब्द कहलाते हैं। लोटा, थाली, कटोरी, अटपटा, उटपटांग, अलजलूल, खुरदुरा, कूड़ा, कौरा, गली आदि।